में यह स्पष्ट किया जाता है कि कोल इंडिया लि० की "उदारीकृत बिक्री योजना" के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति बिना किसी प्रायोजन के उक्त योजना के अंतर्गत विनिर्दिष्ट खानों से एक बार में 1000 टन तक कोयला प्राप्त कर सकता है।

कोल इंडिया लि०, भारत कोकिंग कोल लि० और सेंट्रल कोलफील्ड्स लि० में पदों की संख्या

1983. श्रीमति कमला सिन्हा : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) कोल इंडिया लि० में श्रमिक कल्याण अधिकारियों के कितने पद रिक्त पड़े हैं और ये पद कब से रिक्त है,

(ख) क्या यह सच है कि भारत कोकिंग कोल लि० और सेंट्रल कोलफील्ड्स लि० में विभिन्न श्रेणियों के कुछ पदों को आयु तथा अर्हता संबंधी मानदंडों पर। विचार किए बिना ही भर लिया गया

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वार इस मामले में क्या उपचारी उपाय किए जाने का विचार है ?

कोयला मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री एस०बी० नयमेगौड़ा) : (क) से(घ) इस संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही हैं और इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा

Formulation of a comprehensive sales policy by Coal India Limited

1984. DR. SANJAYA SINH; Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Coal India Limited <CIL) has formulated a comprehensive sales policy with the objective of achieving the higher efficiency and to maximise consumer satisfaction; and

(b) if so, what are the details tnerif-of?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COAL (SHRI S. B. NYAMAGOUDA): (a) and (b) A draft sales policy manual has been prepared by Coal India Limited, This manual aims at consolidating and improving the policy and procedures relating to marketing, distribution, and movement of coat, in order to make the process of coal distribution more efficient, open and transparent to all the consumers.

कोल इंडिया लि० की बकाया राशियां

1985. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय कोल इंडिया का किन-किन राज्यों और सार्वजनिक क्षेत्रों के उद्योगों की और से कितना-कितना भुगतान बकाया है; और

(ख) क्या इस संबंध में कोल इंडिया ने कोई ऐसी नीति निर्धारित की है कि जहां कहीं भी राशि बकाया है वहां से उसका भुगतान प्राप्त हो जाने के बाद ही कोयले की आपूर्ति की जाएगी ?

कोयला मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एस. बी. नयमेगौडा) : (क) इस संबंध में उपलब्ध सूचना के अनुसार दिनांक 29.2.92 की स्थिति के अनुसार कोल इंडिया लि० द्वारा आपूर्ति किए गए कोयले की क्षेत्रवार बकाया राशि का ब्यौरा विवरण में दिया गया है। (नीचे देखिए)

(ख) कोल इंडिया लि० ने केवल विद्युत क्षेत्र के लिए दिनांक 1.10.91 से आपूर्ति किए गए कोयले के लिए "कैश एंड कैरी योजना' लागू की है।